तारकिशोर प्रसाद
उप मुख्यमंत्री
बिहार

बिहार सरकार

पटना
0612-2217894 (का०)
0612-2284225 (आ०)
0612-2217639 (फैक्स)

पत्रांक 142/(वि०)

दिनांक 28.01.2021

प्रिय श्री नीतीश मिश्रा जी,

आपका पत्रांक–182/, दिनांक–31/12/2020 प्राप्त हुआ जो मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर नगर पंचायत स्थित कमला नदी के तट पर विद्युत शवदाह–गृह निर्माण से संबंधित है। इसे समुचित कार्रवाई हेतु प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार को इस कार्यालय के पत्रांक–45, दिनांक–13/01/2021 द्वारा भेज दिया गया है।

कृपया सूचनार्थ।

भवदीय

(हस्ताक्षर)

(तारकिशोर प्रसाद)

सेवा में,

श्री नीतीश मिश्रा,
माननीय सदस्य, बिहार विधान सभा
112, कौटिल्य नगर, पटना–800014

नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 182/2020
Dt-31.12.2020

सेवा में
माननीय उपमुख्यमंत्री सह मंत्री
नगर विकास एवं आवास विभाग
बिहार, पटना

विषयः– मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर नगर पंचायत स्थित कमला नदी के तट पर विद्युत शवदाह–गृह निर्माण के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में कहना है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मेरे विधानसभा क्षेत्र झंझारपुर पुराना अनुमंडल, नगर पंचायत एवं पुराना शहर है। यहाँ बिहार सरकार एवं भारत सरकार के कई कार्यालय, अस्पताल, विद्यालय, महाविद्यालय, न्यायालय, रेलवे जं० सहित अनेक व्यावसायिक प्रतिष्ठान है, लेकिन यहाँ अभी तक एक भी विद्युत शवदाह–गृह नहीं है।

झंझारपुर में अभी तक विद्युत शवदाह–गृह नहीं रहने से आमजनों को लाचारी में लकड़ी का उपयोग करना पड़ता है। जिससे वन के विकास पर असर पड़ रहा है और ढेर सारे लकड़ी शव के जलाने से बर्बाद हो रहा है साथ ही प्रदूषण का संचार भी बढ़ता है। लकड़ी से शव को जलाने में गरीब परिवार ज्यादा खर्च वहन करने में अक्षम है।

विद्युत शवदाह–गृह रहने से कम पैसों में शवों का दाह–संस्कार सम्पन्न हो जाता है तथा पर्यावरण के लिए भी उपयोगी है। झंझारपुर क्षेत्र की जनता की चिर प्रतीक्षित माँग विद्युत शवदाह–गृह का निर्माण झंझारपुर में कमला नदी के समुचित तट पर कराना जनहित में परमावश्यक है।

अतएव अनुरोध है कि झंझारपुर नगर पंचायत स्थित कमला नदी के समुचित तट पर विद्युत शवदाह–गृह के निर्माण हेतु समुचित कार्रवाई करना चाहेंगे।

नववर्ष की शुभकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra

(नीतीश मिश्रा)

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in